# राजकीय महाविद्यालय भरमौर

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2025-26

## मुख्य अतिथि

## डॉ० शिव दयाल जी
## सेवानिवृत प्राचार्य

**प्रस्तुतकर्ता**
डॉ. हेमंत पाल
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय भरमौर

मैं राजकीय महाविद्यालय भरमौर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि महोदय, उपस्थित सम्माननीय अतिथिगण, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से आए मेरे पत्रकार बंधु तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

चंबा जनपद की प्राचीन राजधानी ब्रह्मपुर जो वर्तमान में भरमौर के नाम से विख्यात है अपनी सांस्कृतिक विरासत, चौरासी व मणिमहेश जैसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों तथा प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है।

किसी समय श्रद्धेय नागा बाबा द्वारा भरमौर में शिक्षा के लिए एक विद्यालय के रूप में रोपा गया पौधा सरकार के प्रयत्नों द्वारा वर्तमान में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के रूप में फल-फूल रहा है। इसी कड़ी में हमारा महाविद्यालय आज अपना चौदहवां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करने जा रहा है।

**महोदय,**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर अगस्त 2005 अस्तित्व में आया। 2005 में शिक्षा के लिए रोपा गया यह पौधा आज वर्तमान में उच्चतर एवं गुणात्मक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है और भविष्य में इस पौधे के वटवृक्ष बनने की स्पष्ट झलक हम देख रहे हैं। इसी विश्वास के साथ मैं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने जा रहा हूँ।

**शिक्षक वर्ग :**

मान्यवर, राजकीय महाविद्यालय भरमौर में शिक्षकों के कुल 15 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 10 पद भरे गए हैं, जबकि 5 पद अभी भी रिक्त हैं। इनमें मुख्य रूप से सहायक आचार्य (रसायन विज्ञान), सहायक आचार्य संगीत, सहायक पुस्तकालय तथा तबला वादक के पद रिक्त हैं।

**गैर-शिक्षक वर्ग :**

गैर-शिक्षक वर्ग में हमारे महाविद्यालय में 15 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 7 पदों पर स्थायी नियुक्तियाँ हैं, जबकि शेष सभी पद अभी भी रिक्त हैं।

**विद्यार्थी वर्ग :**

वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय भरमौर में बी.ए., बी.कॉम. तथा बी.एस.सी. के प्रथम वर्ष में 81, द्वितीय वर्ष में 77 तथा तृतीय वर्ष में 48 विद्यार्थी शिक्षारत हैं। इस प्रकार

महाविद्यालय में कुल 206 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 66% छात्राएँ हैं।

| **सत्र** | **बी०ए०/बी० कॉम/बी.एस .सी<br>प्रथम वर्ष** | **बी०ए०/बी० कॉम द्वितीय वर्ष** | **बी०ए०/बी० कॉम/ तृतीय वर्ष** | **लड़के** | **लड़कियां** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2023-24** | 120 | 73 | 83 | 99 | 177 | **276** |
| **2024-25** | 94 | 73 | 63 | 86 | 144 | **230** |
| **2025-26** | 81 | 77 | 48 | 71 | 135 | **206** |

**केन्द्रीय छात्र संघ :**

विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय भरमौर में सत्र 2025–2026 में मेरिट आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य मनोनीत किए गए तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई है।

| **पदभार** | **विद्यार्थी का नाम** | **कक्षा/ सत्र** |
|---|---|---|
| **प्रधान** | ज्योति | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **उप प्रधान** | लता देवी | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| **महा सचिव** | नितिका देवल | बी०ए० प्रथम वर्ष |
| **सयुंक्त सचिव** | पम्मी | बी०ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | तमन्ना | बी०ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | तनवी | बी०कॉम० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | अंकिता कुमारी | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | काजल कुमारी | बी०कॉम० द्वितीय वर्ष |
| **कक्षाप्रतिनिधि** | मनीष कुमार | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **कक्षाप्रतिनिधि** | सिमरन | बी०कॉम० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (एन.एस .एस)** | नेहा शर्मा | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (एन.एस.एस)** | अक्षय ठाकुर | बी०कॉम० द्वितीय वर्ष |
| **सदस्य (खेलकूद )** | खुशी शर्मा | बी०ए० द्वितीय वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| **सदस्य(खेलकूद )** | सुजल | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | अवेक | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | वर्षा | बी०कॉम० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (रेड रिबन क्लब )** | नवीन | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (रेड रिबन क्लब )** | अंजलि | बी०ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य ( इको क्लब )** | प्रियंका | बी०ए० तृतीय वर्ष |

**परीक्षा परिणाम**:

गत वर्ष के परीक्षा परिणाम का ब्यौरा इस प्रकार से है:

| **वर्ष** | **कक्षाएं** | **कुल विद्यार्थी** | **परिणाम घोषित** | **उत्तीर्ण** | **पास प्रतिशतता (महाविद्यालय)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **2024-25** | बी०ए०/बी०कॉम. बी.एस.सी.प्रथम वर्ष/ | **94** | 94 | 68 | **72.34%** |
| | बी०ए०/बी०कॉम. द्वितीय वर्ष | 74 | 74 | 62 | **83.78%** |
| | बी०ए०/बी०कॉम. तृतीय वर्ष | 62 | 62 | 59 | **95.16%** |

**छात्रवृत्ति :**

इस सत्र में 48 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन राज्य स्तर पर स्वीकृत किए जा चुके हैं और इन सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि राज्य सरकार द्वारा उनके खातों में डाल दी जाएगी।

**महाविद्यालय की गतिविधियाँ**

महाविद्यालय समय-समय पर विद्याथियों में प्रतिभा का विकास करने के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है इसी कड़ी में इस वर्ष निम्न गतिविधयां आयोजित की गई |

**कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित तजुर्बा व्याख्यान कार्यक्रम**

दिनांक 22 जुलाई 2025 को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० जनक राज, माननीय विधायक, भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र रहे।

अपने संबोधन में डॉ० जनक राज ने विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, निरंतर परिश्रम तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी तथा कौशल विकास के महत्व पर विशेष बल दिया।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करते हुए यह प्रेरणा दी कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएँ और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

## हेपेटाइटिस जागरूकता कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में दिनांक 31 जुलाई 2025 को नागरिक स्वास्थ्य केंद्र भरमौर की ओर से हेपेटाइटिस विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस जैसे गंभीर संक्रामक रोग के प्रति जागरूक करना तथा इसके लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने उपस्थित विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और समय पर जांच व टीकाकरण के महत्व पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं स्पष्ट उत्तर दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रमुख रहीं।

**हिंदी दिवस :-**11 और 12 सितंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, निबंध लेखन तथा नारा लेखन आदि प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक करना तथा इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। हिंदी दिवस

पर आयोजित इन गतिविधियों में विद्याथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया|

**जनजातीय गौरव दिवस**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में दिनांक 10 नवम्बर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं तथा उनके गौरवशाली इतिहास के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रविन्द्र सिंह रणपतिया जी सेवानिवृत उपनिदेशक कार्यालय चंबा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में जनजातीय समुदाय के इतिहास, संस्कृति और समाज के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने तथा उसे संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें लोकगीत, लोकनृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली|

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर के एक विद्यार्थी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1 की प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका आयोजन **राजकीय महाविद्यालय नाहन** में दिनांक 13 से 15 अक्टूबर 2025 के दौरान किया गया|

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-3**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर की सांस्कृतिक टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-3 (नृत्य) में भाग लिया गया जिसका आयोजन **राजकीय महाविद्यालय ऊना** द्वारा 12 से 15 नवम्बर 2025 को किया गया|

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में दिनांक 7 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य

महिलाओं के अधिकारों, उनके योगदान तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर श्री विकास शर्मा जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिलाओं के अधिकारों, समानता तथा सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज का समग्र विकास संभव हो सके।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें मेहंदी, रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने विद्यार्थियों में महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**नशा मुक्त अभियान**

दिनांक 7 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर दीपेश वराल जी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आज के समाज में फैल रहे खतरनाक नशों, विशेष रूप से चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है।

डॉक्टर दीपेश वराल जी ने विद्यार्थियों को समझाया कि नशे की लत व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की सलाह दी।

साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएँ।

दिनांक 10 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक विशेष संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम में काउंसल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अमित कांसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सीधे संवाद करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

डॉ. कांसल ने युवाओं से इस सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि देश की प्रगति युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सकारात्मक सोच पर निर्भर करती है। इसलिए युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

**नेशनल कैडेट कोर (NCC)**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में इस वर्ष विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) इकाई का गठन किया गया है। महाविद्यालय के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि एनसीसी विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस वर्ष महाविद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने एनसीसी में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारम्भ किया है। इन विद्यार्थियों को एनसीसी के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क तथा देश सेवा की भावना का प्रशिक्षण दिया

जाएगा। साथ ही उन्हें विभिन्न परेड, शिविरों तथा अन्य गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त होगा।

महाविद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में अधिक से अधिक विद्यार्थी एनसीसी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित होंगे। एनसीसी के गठन से महाविद्यालय में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है तथा यह विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## महाविद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिताएँ :

मान्यवर, महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद सृजित नहीं है, परन्तु वर्तमान में कार्यरत आचार्य वर्ग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ अन्य सहयोगी गतिविधियों में भी अपना पूर्ण योगदान दे रहा है। इसी क्रम में 05 और 06 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक श्री प्यार सिंह चाड़क जी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इस सत्र में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप में **गौतम महाविद्यालय हमीरपुर** में तथा इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट में **राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर** में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। भारत्तोलन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के एक विद्यार्थी ने **राजकीय महाविद्यालय अंब ऊना** में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

इसके अतिरिक्त नेहरू युवा केंद्र द्वारा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत दिनांक 13 नवंबर 2025 को भरमौर हेलिपैड में बालिका खेल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 16 छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## गृह परीक्षाएं:

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के नियमों व निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में दिनांक 13 दिसंबर से 27 दिसंबर 2025 तक गृह परीक्षाओं का आयोजन किया गया | जिसमें विभिन्न विषयों में पहले, दूसरे स्थान पर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरुस्कृत किया जा रहा है |

**महाविद्यालय परिवार की उपलब्धियां:**

किसी भी शिक्षण संस्थान में सिर्फ शिक्षा का स्तर ही उस संस्थान को उपलब्धि प्रदान नहीं करता है बल्कि महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयास भी संस्थान को आगे ले जाते हैं | हमारा महाविद्यालय भी इन प्रयासों से अछूता नहीं है, यहाँ के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग विभिन्न उपलब्धियों से सम्पन्न हैं| इन्होंने इस वर्ष अनेक प्रकार की उपलब्धियों हासिल की है जिसका ब्यौरा इस प्रकार है:

अंग्रेजी विषय के सहायक आचार्य प्रो० स्वरुप कुमार ने इस वर्ष दो शोध पत्र प्रकाशित किए जिनका शीर्षक Comparativity of Literature from Ancient to Digital Age और From Thrones to Herd The Role Of Gaddi Tribes in the Formation of Cultural and Literary Landscape in Himachal Pradesh था। इसके अतिरिक्त इन्होंने लगभग तीन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया तथा अपने लेख प्रस्तुत किए।

इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ० राजिंदर सिंह ने चार International Workshop और भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा आयोजित सात दिवसीय शारदा लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया। इनके दो लेख भी प्रकाशित हुए इसके अतिरिक्त,इन्होंने राजकीय महाविद्यालय चम्बा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी भाग लिया|

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 में, डॉ० राहुल कुमार, सहायक आचार्य (भौतिकी), ने नैनोमैटेरियल्स एवं फोटोकैटालिसिस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। उन्हें "Photocatalytic Performance of Cu-Doped ZnO Nanoparticle Photocatalyst for Dye Degradation" शीर्षक से भारतीय पेटेंट (पेटेंट संख्या: 571306) Indian Patent Office, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, उनका एक स्कोपस-इंडेक्स्ड शोध-पत्र "Enhanced Photocatalytic Activity of Ni-Doped ZnO Nanoparticles for Indigo Carmine Dye Degradation" प्रतिष्ठित जर्नल MRS Advances में प्रकाशित हुआ है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में उन्होंने एक शॉर्ट-टर्म कोर्स तथा एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) भी सफलतापूर्वक पूर्ण किया है, जिससे उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल में और वृद्धि हुई है।

डॉ० राहुल कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे कई प्रतिष्ठित SCI/Scopus-इंडेक्स्ड जर्नलों के समीक्षक (Reviewer) के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, जिनमें प्रमुख हैं—

* Journal of Cluster Science

* Journal of Inorganic and Organometallic Polymers and Materials

* Chemical Papers

* Nanotechnology for Environmental Engineering

वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान उन्होंने सात SCI/Scopus-इंडेक्स्ड शोध-पत्रों का सफलतापूर्वक समीक्षण किया है, जो उच्च गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। ये सभी उपलब्धियाँ भौतिकी एवं नैनोविज्ञान के क्षेत्र में उनकी समर्पित शोध प्रवृत्ति, उत्कृष्टता तथा महत्वपूर्ण योगदान को प्रतिबिंबित करती हैं।

हिंदी विषय के सहायक आचार्य विवेक कुमार ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से भारतीय ज्ञान परंपरा की संवाहक हिंदी भाषा विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी विकास क्रम में भाग लिया।

भूगोल विषय के सहायक आचार्य थुक्तन फुन्चुक ने Institutional Disaster Management Plans विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम Dr. Manmohan Singh Himachal Pradesh Institute of Public Administration, शिमला द्वारा आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में आपदा प्रबंधन की प्रभावी योजना तैयार करना तथा आपदा की स्थिति में बचाव और सुनियोजित कार्यवाही सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे जोखिम आकलन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपाय तथा संस्थागत स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

महाविद्यालय में इस वर्ष विद्यार्थियों की शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का विकास किया गया।

महाविद्यालय परिसर में एक नए **स्टेज (मंच)** का निर्माण किया गया है, जिससे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं तथा समारोहों का आयोजन बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एक **डिजिटल पोडियम** की भी व्यवस्था की गई है। इस डिजिटल पोडियम के माध्यम से अध्यापकगण आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी और रोचक तरीके से पढ़ा सकेंगे। इससे कक्षाओं में प्रस्तुतिकरण (Presentation) और व्याख्यान अधिक सुगम और आकर्षक बनेंगे।

इसी क्रम में महाविद्यालय में **स्मार्ट क्लास रूम** का भी निर्माण किया गया है, जिसमें आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर शिक्षण कार्य को और अधिक उन्नत बनाया गया है। स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से विषयों को समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में भी वृद्धि होगी।

इन नई सुविधाओं के शुरू होने से महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और अधिक आधुनिक एवं प्रभावी बना है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को मंच प्रदान करने का भी अवसर मिलेगा।

राजकीय महाविद्यालय भरमौर द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **(UGC) से 12(F) एवं 2(B)** एफिलिएशन प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज, औपचारिकताएँ तथा निर्धारित प्रक्रियाएँ पूर्ण करने की दिशा में कार्य किया गया है। महाविद्यालय की आधारभूत संरचना, शैक्षणिक गतिविधियों तथा अन्य आवश्यक मानकों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है।

महाविद्यालय प्रबंधन को आशा है कि निकट भविष्य में महाविद्यालय को 12(F) एवं 2(B) एफिलिएशन प्राप्त हो जाएगी। इस एफिलिएशन के प्राप्त होने से महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक योजनाओं, शोध कार्यों तथा विकास कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी, जिससे महाविद्यालय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

इस दिशा में महाविद्यालय प्रशासन निरंतर प्रयासरत है और सभी आवश्यक औपचारिकताओं को समय पर पूर्ण किया जा रहा है, ताकि शीघ्र ही महाविद्यालय को इस महत्वपूर्ण मान्यता का लाभ प्राप्त हो सके।

**महाविद्यालय में जिम की स्थापना**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष महाविद्यालय परिसर में जिम की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ और सक्रिय बनाना है।

महाविद्यालय में स्थापित जिम में विभिन्न प्रकार के व्यायाम उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उपयोग विद्यार्थी नियमित रूप से कर रहे हैं। जिम की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और वे अपने दैनिक जीवन में व्यायाम को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

महाविद्यालय प्रशासन का मानना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए इस सुविधा के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ अनुशासन और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

जिम की स्थापना से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक बेहतर और स्वस्थ वातावरण प्राप्त हुआ है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिल रही है।

**महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम का निर्माण**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में छात्राओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष गर्ल्स कॉमन रूम का निर्माण किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को एक सुरक्षित, स्वच्छ एवं आरामदायक स्थान उपलब्ध कराना है, जहाँ वे खाली समय विश्राम कर सकें तथा अपनी आवश्यकताओं से संबंधित कार्य कर सकें।

गर्ल्स कॉमन रूम में बैठने की उचित व्यवस्था की गई है तथा इसे स्वच्छ और व्यवस्थित रखा गया है। इस कक्ष का उपयोग छात्राएं अपने खाली समय में चर्चा, अध्ययन तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए कर सकती हैं। इस सुविधा के शुरू होने से महाविद्यालय की छात्राओं को काफी लाभ मिल रहा है|

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए यह एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इससे महाविद्यालय में छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

**महाविद्यालय में इंटरनेट सुविधा**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष इंटरनेट सुविधा को और अधिक

सुदृढ़ बनाया गया है। पूर्व में महाविद्यालय में 70 Mbps की इंटरनेट स्पीड उपलब्ध थी, जिसे बढ़ाकर अब 100 Mbps कर दिया गया है।

इंटरनेट स्पीड बढ़ने से विद्यार्थियों और अध्यापकों को ऑनलाइन अध्ययन, शोध कार्य, डिजिटल सामग्री तक पहुंच तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करने में काफी सुविधा प्राप्त हो रही है। स्मार्ट कक्षाओं में ऑनलाइन लेक्चर, ई-लर्निंग सामग्री और अन्य शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग भी अब अधिक सुगमता से किया जा रहा है।

इस उन्नयन से महाविद्यालय में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिला है तथा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। महाविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

**ओपन पब्लिक लाइब्रेरी का निर्माण**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर में इस वर्ष विद्यार्थियों तथा स्थानीय समुदाय के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए ओपन पब्लिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इस लाइब्रेरी का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना है।

इस ओपन पब्लिक लाइब्रेरी में शांत एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण प्रदान किया गया है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं तथा अन्य अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में सहायता मिल रही है।

लाइब्रेरी के आरंभ होने से महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोग भी इसका लाभ उठा रहे हैं। वर्तमान में लगभग 25 बाहरी व्यक्ति भी नियमित रूप से यहाँ आकर अध्ययन कर रहे हैं। इससे न

केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे क्षेत्र में अध्ययन और ज्ञानार्जन की संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

महाविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि भविष्य में इस लाइब्रेरी को और अधिक समृद्ध बनाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके।

**मणिमहेश यात्रा में महाविद्यालय का योगदान**

पिछले वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान आई आपदा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय भरमौर द्वारा सराहनीय मानवीय सेवा का परिचय दिया गया। प्रशासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से रुकने एवं उनके ठहरने की उचित व्यवस्था की गई जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों में राहत मिल सकी।

इसके अतिरिक्त शनि देव स्थल पर आयोजित भंडारे में भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महाविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन में सभी ने मिलकर लगातार कई दिनों तक श्रद्धालुओं की सेवा की। इस दौरान भोजन वितरण, व्यवस्था बनाए रखना तथा अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

महाविद्यालय परिवार की यह सेवा भावना न केवल मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी दर्शाती है।

**विद्यार्थियों की चयन उपलब्धि**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि बी० ए० तृतीय वर्ष के एक छात्र का चयन अग्निवीर के रूप में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उस विद्यार्थी के लिए बल्कि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए भी प्रेरणादायक है।

अग्निवीर के रूप में चयनित होकर विद्यार्थी देश सेवा के पवित्र कार्य में अपना योगदान देगा। इस सफलता से महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी तथा वे भी सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा के लिए आगे आएंगे।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के एक अन्य छात्र का चयन एनटीपीसी रेलवे के अंतर्गत ट्रैकमैन (ऑफिस फाइल ट्रांसपोर्टेशन विभाग) में हुआ है। यह सफलता छात्र की लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

महाविद्यालय परिवार ने इन दोनों छात्रों की उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

पिछले सत्र में हमारे महाविद्यालय से जो विद्यार्थी स्नातक होकर पास आउट हुए थे, उनमें से 10 विद्यार्थियों का चयन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में हुआ है। यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है।

इसके अतिरिक्त इसी सत्र की दो छात्राओं का चयन 'वन मित्र' के रूप में भी हुआ है। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत और लगन को दर्शाती है, बल्कि महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक वातावरण को भी प्रतिबिंबित करती है।

महाविद्यालय परिवार को इन सभी विद्यार्थियों पर गर्व है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। हमें आशा है कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

**रैड रिबन क्लब :**

प्रोफेसर विशाल अहीर के नेतृत्व में रैड रिबन क्लब की इकाई द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसमें विद्यार्थियों को एड्स से सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता प्रदान करने के लिए दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को एक फ्लैश मोब का आयोजन किया गया।

दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को 'विश्व एड्स दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिक चिकित्सालय भरमौर से पवन भारद्वाज ने विद्यार्थियों को एड्स जैसी भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया।

इसके साथ ही 07 मार्च 2026 को **'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'** मनाया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर श्री विकास शर्मा जी उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर क्लब द्वारा रंगोली,मेहंदी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैड रिबन क्लब द्वारा चंबा मेडिकल कॉलेज में दो विद्यार्थियों को जिला एड्स सोसाइटी द्वारा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आधी इकाई का गठन किया गया है, जिसकी सदस्य संख्या 50 विद्यार्थी है, जिसमें 17 छात्र और 33 छात्राएँ शामिल हैं।

राजकीय महाविद्यालय भरमौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा वर्ष 2025–26 के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

15 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक मणिमहेश मार्ग, धनछो में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 15 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी की। यह अभियान कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुग्रीव कुमार एवं प्रो. विवेक कुमार के मार्गदर्शन में भरमौर प्रशासन तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पवित्र मणिमहेश यात्रा मार्ग पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों में जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना था।

महाविद्यालय के दो स्वयंसेवक मनीष कुमार एवं नेहा शर्मा ने 1 नवम्बर से 10 नवम्बर 2025 तक पोंग बांध में आयोजित दस दिवसीय हिमाचल प्रदेश एडवेंचर कैंप में भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में साहसिक गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास करना था।

राजकीय महाविद्यालय भरमौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के स्वयंसेवकों ने दिनांक 22 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक आयोजित एक

विशेष शिविर में भाग लिया। यह शिविर डलहौजी, जिला चंबा में आयोजित किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा आपदा के समय बचाव एवं राहत कार्यों के लिए तैयार करना था।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन प्रबंधन तथा सामुदायिक सहयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

शिविर के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण सत्र, व्याख्यान, समूह चर्चा तथा व्यावहारिक अभ्यास आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से स्वयंसेवकों को आपदा के समय बचाव एवं प्रभावी कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार के शिविरों से विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है।

इसके अतिरिक्त 03 दिसम्बर से 09 दिसम्बर 2025 तक NSS इकाई, भरमौर द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. हरनाम सिंह सहायक आचार्य, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला द्वारा किया गया। शिविर के दौरान स्वच्छता, जागरूकता अभियान, सामाजिक सेवा एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

09 दिसम्बर 2025 को समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक श्री प्यार सिंह चाड़क मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से सप्ताह भर की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की गई।

**सड़क सुरक्षा क्लब :**

दिनांक 8 दिसंबर 2025 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा प्रोफेसर नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस थाना भरमौर के सहयोग से एक विशेष सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर भाषण, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में थाना भरमौर के प्रभारी श्री प्रवेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार (First Aid) कैसे दिया जाए इस विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिसर से बस स्टैंड तक विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से आम जनता को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त दिनांक 21 मार्च 2026 को पुनः सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर स्वरुप शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

**अभिभावक अध्यापक संघ (PTA) :**

शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा शैक्षिक संस्थानों में अभिभावक-अध्यापक संघ के गठन संबंधी नीति के अनुसार इस महाविद्यालय में भी पी.टी.ए. का गठन किया गया है।

सत्र 2025–26 के लिए दिनांक 19 जुलाई 2025 को सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित किए गए —

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | श्री संजय शर्मा |
| **उप-प्रधान** | श्री विकास शर्मा |
| **सचिव** | प्रो० विवेक कुमार,रा० महा० भरमौर |
| **सहसचिव** | श्रीमती निर्मला देवी |
| **कोषाध्यक्ष** | श्री अनिल शर्मा |
| **मुख्य सलाहकार** | श्री कमलेश कुमार |

**मुख्य सलाहकार** श्री सतीश कुमार

अभिभावक-अध्यापक संघ द्वारा महाविद्यालय को समय-समय पर सहयोग प्रदान किया जाता रहा है, जिसके लिए मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

**महाविद्यालय पुस्तकालय**

महोदय! जैसा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा है कि *"पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होता है।"* विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय भरमौर में एक उच्च कोटि का पुस्तकालय स्थापित करने का प्रयास महाविद्यालय प्रशासन की ओर से किया गया है।

पुस्तकालय में वर्तमान समय में कुल 4000 बहुमूल्य पुस्तकें उपलब्ध हैं तथा इसके साथ 13 ज्ञानवर्धक पत्रिकाएँ प्रतिमाह विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाती हैं।

विद्यार्थियों व स्टाफ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 80,000 रुपये की लागत से Information and Library Network Centre, Gandhinagar द्वारा निर्मित "SOUL" सॉफ्टवेयर को पुस्तकालय में स्थापित कर इसे पूर्णतः कंप्यूटरीकृत किया गया है।

अंत में, मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों तथा भरमौर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जो महाविद्यालय के विकास तथा इसकी गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए निरंतर अपना सहयोग प्रदान करते रहे हैं।

धन्यवाद

**प्राचार्य**

**राजकीय महाविद्यालय**

**भरमौर चंबा, हि.प्र.**